यूपी बोर्ड

कक्षा-**12**

सामान्य हिन्दी

समय: 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक :100

निर्देश : (i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) इस प्रश्न-पत्र में दो खण्ड हैं। दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है।

(खण्ड – क)

प्रश्न (क) 1 –'निराला की साहित्य साधना' के लेखक है

(i) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(ii) महादेवी वर्मा

(iii) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

(iv) डॉ० रामविलास शर्मा

प्रश्न 2 – निम्नलिखित में से कौन हजारीप्रसाद द्विवेदी का उपन्यास नहीं है?

(i) 'चारू-चन्द्र-लेख'

(ii) 'पुनर्नवा'

(iii) 'अनामदास का पोथा'

(iv) 'तट की खोज'।

प्रश्न 3 –'जनमेजय का नागयज्ञ' नाटक के रचनाकार हैं ?

(i) हरिकृष्ण प्रेमी

(ii) आचार्य चतुरसेन शास्त्री

(iii) जयशंकर प्रसाद

(iv) सेठ गोविन्ददास।

प्रश्न 4 –’राष्ट्र का स्वरूप’ निबन्ध संकलित है ?

(i) कल्पलता में

(ii) पृथ्वी पुत्र में

(iii) कल्पवृक्ष में

(iv) मातृभूमि में।

प्रश्न 5 –’स्कन्दगुप्त’ नाटक के लेखक हैं

(i) प्रेमचन्द

(ii) लक्ष्मीनारायण मिश्र

(iii) जयशंकर प्रसाद

(iv) धर्मवीर भारती

प्रश्न (ख) 1 – रामधारीसिंह ‘दिनकर’ की रचना है

(i) ‘पृथ्वी पुत्र’

(ii) ‘परशुराम की प्रतीक्षा’

(iii) ‘ऐसा कोई घर आपने देखा है ‘

(iv) ‘स्वर्ण किरण ‘

प्रश्न 2 –’दिनकर’ को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला

(i) वर्ष 1970 में

(ii) वर्ष 1971 में

(iii) वर्ष 1972 में

(iv) वर्ष 1974 में।

प्रश्न 3 – महादेवी वर्मा की रचना है

(i) यामा, दीपशिखा

(ii) भस्मांकुर

(iii) सुनहले शैवाल

(iv) रसवन्ती

प्रश्न 4 –'हारे को हरिनाम' काव्यग्रन्थ के रचनाकार है

(i) रामधारीसिंह 'दिनकर'

(ii) जगन्नाथदास रत्नाकर

(iii) अज्ञेय

(iv) मुक्तिबोध

प्रश्न 5 – ' भारतीय ज्ञानपीठ' पुरस्कार नहीं मिला है –

(i) सुमित्रानन्दन पन्त को

(ii) मैथिलीशरण गुप्त को

(iii) रामधारीसिंह दिनकर को

(iv) महादेवी वर्मा को

गद्दांश

दिए गए गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए **5 x 2 = 10**

जंगल में जिस प्रकार अनेक लता, वृक्ष और वनस्पति अपने अदम्य भाव से उठते हुए पारम्परिक सम्मिलन से अविरोधी स्थिति प्राप्त करते हैं, उसी प्रकार राष्ट्रीय जन अपनी संस्कृतियों के द्वारा एक-दूसरे के साथ मिलकर राष्ट्र में रहते हैं। जिस प्रकार जल के अनेक प्रवाह नदियों के रूप में मिलकर समुद्र में एकरूपता प्राप्त करते हैं, उसी प्रकार राष्ट्रीय जीवन की अनेक विधियाँ राष्ट्रीय संस्कृति में समन्वय प्राप्त करती हैं। समन्वययुक्त जीवन ही राष्ट्र का सुखदायी रूप है।

प्रश्न – (i) लेखक के अनुसार किसी राष्ट्र का सुखद जीवन किस भावना पर निर्भर करता है?

(ii) राष्ट्र के अस्तित्व का आधार क्या है?

(iii) किस प्रकार राष्ट्रीय जीवन की अनेक विधियाँ राष्ट्रीय संस्कृति में समन्वय प्राप्त करती है?

(iv) गद्यांश का शीर्षक तथा लेखक का नाम लिखिए

(v) निम्नलिखित शब्दों के शब्दार्थ लिखिए-

अदम्य, पारस्परिक, एकरूपता, समन्वययुक्त ।

अथवा

मैं खासतौर से युवा छात्रों से ही क्यों मिलता हूँ? इस से सवाल का जवाब तलाशते हुए मैं अपने छात्र जीवन के दिनों के बारे में सोचने लगा। रामेश्वरम् के द्वीप से बाहर निकल कर यह कितनी लम्बी यात्रा रही। पीछे मुड़कर देखता हूँ तो विश्वास नहीं होता। आखिर वह क्या था जिसके कारण यह संभव हो सका? महत्वाकांक्षा ? कई बातें मेरे दिमाग में आती हैं।

मेरा ख्याल है कि सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह रही कि मैंने अपने योगदान के मुताबिक ही अपना मूल्य आँका। बुनियादी बात जो आपको समझनी चाहिए वह यह है कि आप जीवन की अच्छी चीजों को पाने का हक रखते हैं, उनका जो ईश्वर की दी हुई है। जब तक शिल्पियों से सँवारे जाने पर अत्यन्त सौंदर्य के प्रतीक बन जाते हैं।

नाना भाँति के अनगढ़ नग विन्ध्य की नदियों के प्रवाह में सूर्य की धूप से चिलकते रहते हैं, उनको जब चतुर कारीगर पहलदार कटाव पर लाते हैं तब उनके प्रत्येक घाट से नयी शोभा और सुन्दरता फूट पड़ती है, वे अनमोल हो जाते हैं।

प्रश्न- (i) किसने अपने योगदान के मुताबिक ही अपना मूल्य आँका?

(ii) पृथ्वी को वसुंधरा क्यों कहते हैं?

(iii) बुनियादी बात क्या आपको समझनी चाहिए ?

(iv) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए |

(v) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।

पद्धांश

दिए गए पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए **5 x 2 = 10**

चाँदनी रात का प्रथम प्रहर

हम चले नाव लेकर सत्वर

सिकता की सस्मित सीपी पर

मोती की ज्योत्स्ना रही विचर

लो पालें चढ़ीं, उठा लंगर ।

मृदु मंद-मंद मंथर मंथर

लघु तरणि हंसिनी सी सुन्दर

तिर रही खोल पालों के पर

निश्चल जल के शुचि दर्पण पर

प्रतिबिम्बित हो रजत पुलिन निर्भर

दुहरे ऊँचे लगते क्षण भर

काला काँकर का राजभवन

सोया जल में निश्चिन्त प्रमन ।

प्रश्न – (i) कवि नौका विहार हेतु किस समय प्रस्थान करते हैं?

(ii) रात्रि में गंगा नदी की रेती की शोभा कैसी लग रही थी ?

(iii) 'लघु तरणि हंसिनी सी सुन्दर' में कौन सा अलंकार है?

(iv) रेखांकित पद्यांश की व्याख्या कीजिए।

(v) पाठ का शीर्षक तथा कवि का नाम बताइए।

अथवा

छायाएँ मानव-जन की,

नहीं मिटी लम्बी हो-हो कर,

मानव ही सब भाप हो गये।

छायाएँ तो अभी लिखी

झुलसे हुय पत्थरों पर

उजड़ी सड़कों की गच पर ।

प्रश्न – (i) प्रस्तुत काव्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ii) प्रस्तुत पद्यांश में कौन सा रस है ?

(iii) रेखांकित पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(iv) कवि ने आकाशीय सूर्य की तुलना मानव निर्मित सूर्य से किस प्रकार की है ?

(v) काव्यांश में कवि अत्यन्त मर्माहित क्यों हुआ है?

5. (क.) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए

(अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) 3+2=5

(i) वासुदेवशरण अग्रवाल

(ii) प्रो॰ जी॰ सुन्दर रेड्डी

(iii) डॉ॰ हजारीप्रसाद द्विवेदी।

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए – (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) 3+2=5

(i) सुमित्रानन्दन पन्त

(ii) रामधारीसिंह 'दिनकर'

(iii) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय'

6. 'ध्रुवयात्रा' अथवा 'पंचलाइट' कहानी का सारांश लिखिए। 5

अथवा

'बहादुर' अथवा 'पंचलाइट' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी एक खण्ड के प्रश्न का उत्तर दीजिए 5

(अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द)

(i) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के आधार पर श्रवणकुमार की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के 'सन्देश' खण्ड की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के सप्तम सर्ग की कथावस्तु

अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

'रश्मिरथी' के आधार पर 'कृष्ण' का चरित्रांकन कीजिए

(iii) 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य का कथासार अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य के आधार पर महात्मा गाँधी का चरित्र चित्रण कीजिए।

(iv) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य की नायिका का चरित्र-चित्रण कीजिए।

अथवा

'सत्य की जीत' खण्डकाव्य का कथासार लिखिए।

(v) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

अथवा

'त्यागपथी' के आधार पर राज्यश्री का चरित्रांकन कीजिए |

(vi) 'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य का सारांश अपने शब्दों में

लिखिए।

अथवा

'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र चित्रण कीजिए।

(खण्ड-)

8. (क) दिए गए संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 2+5 = 7

अतीते प्रथमकल्पे चतुष्पदाः सिंहं राजानमकुर्वन । मत्स्या आनन्दमत्स्यं, शकुनयः सुवर्ण हंसम्। तस्य पुनः सुवर्णराजहंसस्य दुहिता हंसपोतिका अतीव रूपवती आसीत । स तस्यै वरमदात् यत् सा आत्मनश्चित्तरुचितं स्वामिनं वृणुयात् इति ।

अथवा

संस्कृतस्य साहित्यं सरसं, व्याकरणञ्च सुनिश्चितम् । तस्य गद्ये पद्ये च लालित्यं, भावबोधसामर्थ्यम्, अद्वितीयं श्रुतिमाधुर्यञ्च वर्तते । किं बहुना चरित्रनिर्माणार्थम्याद्दृशी सत्प्रेरणा संस्कृतवाङ्मयं ददाति न ताद्दृशीम् किञ्चिदन्यत्।

(ख) दिए गए पद्यांशों/श्लोकों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 2+5=7

प्रीणाति यः सुचरितैः पितरं स पुत्रो

यद् भर्तुरेव हितमिच्छति तत् कलत्रम् ।

तन्मित्रमापदि सुखे च समक्रियं यद्

एतत्त्रयं जगति पुण्यकृतो लभन्ते ।।

अथवा

निन्दन्तु नीतिनिपुणा यदि वा स्तुवन्तु

लक्ष्मीः समाविशतु गच्छतु वा यथेष्टम् ।

अद्यैव वा मरणमस्तु युगान्तरे वा

नयायात् पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः ।।

व्याकरण

9. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए-1+1=2

(i) अपना उल्लू सीधा करना ।

(ii) घी के दीये जलाना।

(iii) एक पंथ दो काज।

(iv) एक अनार सौ बीमार

10. (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि विच्छेद के सही विकल्प का चयन कीजिए 1+1+1=3

(I)'प्रत्येक ' का सही सन्धि-विच्छेद हैं

(क) प्रति + एका (ख) प्रति + येक

(ग) प्रति + एक (घ) प्रत + एक

(Ii)भावक:' का सन्धि विच्छेद है

(क) भाव + अक: (ख) भौ+ अक:

(ग) भा + वकः (घ) भी + वक:

(Iii)'विष्णवे' का सन्धि विच्छेद है

(क) विष + णवे (ख) विष्णो + ए.

(ग) विष्णु + वे (घ) विष्णू + अवे

(ख) दिए गए निम्नलिखित शब्दों की सही विभक्ति और 'वचन' के अनुसार चयन कीजिए 1+1=2

(i) 'नाम्ना' –

(क) द्वितीया, बहुवचन (ख) तृतीया, एकवचन

(ग) षष्टी, द्विवचन (घ) चतुर्थी, बहुवचन।

(ii)आत्मने –

(क) चतुर्थी एकवचन (ख) तृतीया द्विवचन

(ग) षष्ठी एकवचन। (घ) चतुर्थी, बहुवचन।

11. (क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए

(I) गृह-ग्रह –

(क) घर और नक्षत्र (ख) घर और ग्रहस्थी

(ग) गिरोह और घर (घ) गाँव और घर।

(ii) उपल-उत्पल-

(क) उत्पन्न और ऊपर (ख) ऊपर और नीचे

(ग) ओला और कमल (घ) समान और प्रारम्भ ।

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए 1+1=2

(i) श्रुति (ii) हलधर (iii) तीर ।

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चयन करके लिखिए 1+1=2

(i) सौ वर्ष का समय

(क) शताब्दी (ख) दशाब्दी

(ग) आब्दी (घ) सहस्त्राब्दी

(ii)जिसकी इच्छाएँ बहुत ऊँची हो

(क) माननीय (ख) अनन्त

(ग) इच्छाकु (घ) महत्वाकांक्षी

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए –

(i) एक पुरुष और एक स्त्री जा रही है।

(ii) सम्मेलन में कवित्री ने भाग लिया।

(iii) मंच पर अनेकों नेता उपस्थित होंगे।

(iV) गौतम की पत्नी का नाम अहिल्या था।

(V) केवल सौ रुपये मात्र की बात थी।

(क) 'हास्य' रस अथवा 'वीर' रस का स्थायी भाव बताते हुए उसकी परिभाषा अथवा उदाहरण लिखिए। 1+1=2

(ख) 'उपमा' अलंकार अथवा 'श्लेष' अलंकार के लक्षण एवं उदाहरण लिखिए। 1+1=2

(ग) 'सोरठा' छन्द अथवा 'रोला' छन्द का मात्रा सहित लक्षण और उदाहरण लिखिए। 1+1=2

13. अपने क्षेत्र में प्रदूषण से उत्पन्न स्थिति का वर्णन करते हुए नगर आयुक्त को एक पत्र लिखिए। 2+4=6

अथवा

अपनी उच्च शिक्षा पूरी करने के लिए शैक्षिक ऋण प्राप्त करने के उद्देश्य से किसी बैंक के प्रबन्धक को पत्र लिखिए।

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए 2+7=9

(i) विद्यालयों में खेल-शिक्षा का महत्त्वपर्यावरण

(ii) परिश्रम का महत्त्व

(iii) भारतीय संस्कृति संरक्षण : और संवर्द्धन

(iv) महिला आरक्षण की सार्थकता।